महत्वपूर्ण एवं खास

निर्माणाधीन मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए सिंहदेव ने दी 32 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर-बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर में बन रहे मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने 32 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृत दे दी है। यह अस्पताल बिलासपुर मेडिकल कालेज से संबद्ध है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बिलासपुर में बन रहे इस मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए यह राशि मंजूरी की गई है। श्री सिंहदेव ने वर्ष 2019-20 के चिकित्सा शिक्षा विभाग के मुख्य बजट से 11 करोड़ रूपए एवं अनुपूरक बजट से 21 करोड़ की राशि जारी करने की मंजूरी दी है।

गेवरारोड-बिलासपुर मेमू चलाने झुका रेलवे, आज से आंशिक राहत

» काम आया रेल संघर्ष समिति का दबाव

कोरबा (आरएनएस)। नागरिकों द्वारा बनाए जा रहे चौतरफा दबाव के कारण रेलवे को आखिरकार झुकना पड़ा। आनन-फानन में की गई मंत्रणा और उसके साथ लिए गए निर्णय के अनुसार 13 सितंबर से दो मेमू रेलगाड़ी पटरी पर लौट रही है। गेवरारोड-बिलासपुर के बीच इनका संचालन प्रारंभ करने के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य परिचालन प्रबंधक, एसईसीआर के कार्यालय ने आदेश की कापी सार्वजनिक की है। उक्तानुसार स्पष्ट किया गया है कि ट्रेन नंबर 68731-68732 और 68733, 68734 गेवरारोड से बिलासपुर को 13 सितंबर से रिशेड्यूल करने के साथ संबंधित मार्ग पर परिचालित किया जाए। इन दोनों ट्रेनों को रेलवे ने अरसे पहले निरस्त करने के साथ बेपटरी कर दिया था। इन कारणों से लोगों को संबंधित मार्ग पर यात्रा करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अन्य दिशाओं की ओर रेल कनेक्टीविटी के मामले में भी दिक्कतें हो रही थी। इसके अलावा बार-बार दूसरे क्षेत्र में मेगा ब्लॉक व मेंटेनेंस के नाम से कोरबा-गेवरा व बिलासपुर खंड की गाडियों का परिचालन बाधित करने से लोग समस्या ग्रस्त थे। 30 अगस्त से बाधित गाडियों को लेकर लोग खफा थे।

तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी ठोकर, क्षतिग्रस्त

रायपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट से काम निपटाकर कार से आ रहे वकील को तेज रफ्तार ट्रक ने कार को ठोकर मार दिया जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार 6 ए स्ट्रीट एवेन्यु सी सेक्टर 2 भिलाई दुर्ग निवासी शिखर परघनिया 27 वर्ष पिता राजेंद्र परघनिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी पेशे से वकील है बुधवार को कपरेटिव सोसायटी में भ्रष्टाचार के मामले में हाईकोर्ट बिलासपुर अपने वाहन सीयाज क्रमांक सीजी 04 एच डब्यूाह 1912 में गया हुआ था साथ पिता व राजेन्द्र परगनिहा, रमाकांत वर्मा व ढाल सिंह बंछोर निवासी भिलाई भी कार में सवार थे वहां से काम निपटाकर अपने उक्त कार से हम लोग वापस अपने घर भिलाई जा रहे थे करीब 07.15 बजे रात्रि रावाभाठा हरीश पट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 8760 का चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए कार पीछे बाये तरफ ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है।

घूमने की बात को लेकर युवक ने अपनी महिला दोस्त के के चेहरे पर ब्लेड से किया वार

रायपुर (आरएनएस)। युवती के घूमने जाने के बात को लेकर आरोपी ने उसके चेहरे पर ब्लेड से वार कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग नगर आजाद चौक निवासी कुमारी संजना मानिकपुरी 18 वर्ष पिता राजू मानिकपुरी ने 18 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि घूमने जाने की बात को लेकर विवाद कर प्रार्थियां के दोस्त अंकित मिश्रा 18 वर्ष पिता सर्वेश मिश्रा निवासी अग्रसेन चौक ने उसके चेहरे पर ब्लेड से वार कर घायल कर दिया था। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506 बी 323 के तहत अपराध कायम किया था। 12 सितंबर को आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बोर्ड परीक्षा के प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड-सिल्वर मेडल के साथ लैपटॉप

आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होगा सम्मान समारोह

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2017-18 के बोर्ड परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले मेघावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि व लैपटॉप का वितरण कल मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल सूत्रों ने बताया कि सम्मान समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में होगा। मुख्यमंत्री निवास में सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शैलेश पांडे विधायक बिलासपुर, चन्द्रदेव प्रसाद राय विधायक बिलाईगढ, सुश्री शुकन्तला साहू विधायक कसडोल,

विकास उपाध्याय एवं डॉ. लक्ष्मी ध्रुव विधायक सिहावा होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को रजत पदक और सभी प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रावीण्य सूची के प्रत्येक छात्र को एक लाख रूपए प्रदान करने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस पुरस्कार राशि में 25 हजार रूपए की वृद्धि की है। अब प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त सभी विद्यार्थियों को एक लाख 25 हजार रूपए प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को लैपटॉप भी दिया जाएगा।

श्रम विभाग में कई अधिकारी इधर से उधर

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा श्रम विभाग (श्रमायुक्त संगठन) के निम्न अधिकारियों-कर्मचारियों को स्थानांतरित कर नवीन पदस्थापना की गई है इनमें यू.के. कच्छप सहायक श्रमायुक्त कोरबा से रायपुर, श्री सोएब कांजी श्रम पदाधिकारी (प्रभारी सहायक श्रमायुक्त) रायपुर से कबीरधाम, राजेश कुमार आदिले सहायक श्रम पदाधिकारी कबीरधाम से बिलासपुर, अमित कुमार वरू श्रम निरीक्षक जगदलपुर (बस्तर) से रायपुर, सुप्रिया ध्रुव श्रम निरीक्षक दुर्ग से जगदलपुर, राजाराम पाल श्रम निरीक्षक मुंगेली से रायपुर, बी.सी. साहू श्रम निरीक्षक रायगढ़ से कोरबा, ए.डी. पटेल श्रम निरीक्षक रायपुर से दुर्ग, के.के. प्रजापति नवा रायपुर अटल नगर से अम्बिकापुर पदस्थ किए गए है।

अमित जोगी के स्वास्थ्य की सही जानकारी दो दिन बाद

» शहर के निजी अस्पताल में भर्ती

रायपुर (आरएनएस)। खराब स्वास्थ्य के चलते अपोलो अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद अंबेडकर अस्पताल तथा वर्तमान में बालाजी अस्पताल में भर्ती अमित जोगी के स्वास्थ्य की पुनः जांच की जा रही है।

अस्पताल सूत्रों ने बताया कि अमित जोगी को कल रात अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से उन्हें बालाजी अस्पताल मोवा में भर्ती कराया गया है। यहां आने पर

यह पता चला कि अप्रैल 2019 से अमित जोगी को पूर्व से हाईपरटेंशन का उपचार मेदांता अस्पताल दिल्ली में चल रहा है। जिसका उपचार सिम्स एवं अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भी चल रहा था। अमित जोगी को अपोलो हास्पिटल बिलासपुर में 7 सितंबर से 11 सितंबर तक भर्ती किया गया था। वर्तमान में उनहें कमजोरी, सांस लेने में परेशानी, सिर दर्द, इलेक्ट्रोलाईट, इनबैलेंस, अनइजिनेस, ब्रेडी कार्डिया के लिए बालाजी अस्पताल में लाया गया है।

नेट बैंकिंग से 10 हजार की ठगी

कोरबा (आरएनएस)। फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एटीएम कार्ड का 16 अंक और पासवर्ड पूछकर, मोबाइल में आए ओटीपी को प्राप्त कर, आधार कार्ड का नंबर जानकर और इसके बाद एटीएम कार्ड की क्लोनिंग कर ठगी के तरीके अपनाने वालों ने नया तरीका ईजाद कर लिया है। ऐसे ही शातिर ठग के जाल में उलझकर नगर के गायक कलाकार ठगी का शिकार हो गए। नेट बैंकिंग से खाता में 10 रुपए भेजने के बाद और राशि जमा करने की बात कह उल्टा खाता से 10 हजार रुपए गायब कर दिया गया।

नगर के गायक व मिमिक्री कलाकार एवं साईं म्यूजिकल के डायरेक्टर सत्यप्रकाश जायसवाल के साथ यह धोखाधड़ी हुई है। दरअसल सत्यप्रकाश को 7 सितंबर को एक शख्स ने मोबाइल क्रमांक 84760-19305 से फोन कर खुद को बिलासपुर का निवासी होना और परिवार के सदस्य का मिलिट्री में प्रमोशन होने का जिक्र कर सेलिब्रेट करने के लिए शो आयोजन की चर्चा की। पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर में कार्यक्रम करने की बात कही और गायक अशोक राजवाड़े का कार्यक्रम के लिए भी चर्चा की। श्री जायसवाल ने एक लाख रुपए खर्च आना बताकर 50 प्रतिशत एडवांस के तौर पर जमा कराने के लिए कहा। इसके बाद 10 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे के बीच चर्चा हुई। रुपए ट्रांसफर के लिए ठग ने नेट बैंकिंग तो श्री जायसवाल ने भीम एप का

उपयोग करने की जानकारी दी। ठग ने श्री जायसवाल को खाता में बैलेंस चेक करने के लिए कहा और फिर प्रयोग के तौर पर 10 रुपए ट्रांसफर किया किंतु 10 रुपए जायसवाल के खाता से कट गया। इसके बाद ठग ने कटे हुए 10 रुपए और अपनी तरफ से 10 रुपए कुल 20 रुपए जायसवाल के खाता में ट्रांसफर किया जिसके आने पर वे आश्वस्त हो गए।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। खासकर राज्य के उत्तरी इलाकों में आने वाले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। इधर आज दोपहर बिलासपुर, जांजगीर-चांपा जिलों में भी अच्छी बारिश की सूचना मिल रही है।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो इस समय मानसूनी द्रोणिका अनूपपुर, अलवर होते हुए कम दबाव क्षेत्र के मध्य भाग से होकर उत्तरी मध्यप्रदेश, इसके आसपास के इलाकों से होकर दक्षिण-पश्चिम उत्तरप्रदेश, सिंधी, चैबासा, दीघा होते हुए पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी में बनी हुई है। इधर कल बना कम दबाव का क्षेत्र जो कि तटीय पश्चिम बंगाल इसके आसपास के इलाकों के ऊपर सक्रिय था। आज झारखंड इसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में 2.1 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय बना हुआ है। इसके अलावा एक अन्य सिस्टम जो कि कल उत्तरी मध्यप्रदेश और इसके आसपास के इलाकों में सक्रिय था आज दक्षिण-पश्चिम उत्तरप्रदेश के ऊपरी हवा में सक्रिय बना हुआ है। इसके अलावा एक चक्रवाती सिस्टम ऊपरी हवा में 5.8 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है तथा इसका झुकाव दक्षिणी दिशा की ओर बना हुआ है। एक अन्य द्रोणिका इस समय दक्षिणी गुजरात से होकर उत्तरी बांग्लादेश तक बना हुआ है। यह द्रोणिका चक्रवाती सिस्टम और कम दबाव क्षेत्र को पार करते हुए उतरी प्रदेश और इसके आसपास के इलाकों से

होकर दक्षिण्ण-पश्चिम उत्तरप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड से होकर पश्चिम बंगाल के गांगई क्षेत्र के ऊपर से होकर गुजर रहा है तथा यह ऊपरी हवा में 3.1 किमी से लेकर 3.6 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है।

बीमा राशि नहीं देने पर फोरम ने इंश्योरेंस कंपनी पर लगाया 05 लाख का जुर्माना

जगदलपुर (आरएनएस)। बीमा राशि का भुगतान नहीं करने पर जिला उपभोक्ता फोरम ने दि यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 4 लाख 75 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार रूपए और परिवाद व्यय के लिए दो हजार रूपए का भुगतान कंपनी करेगी। लखमूराम बघेल 8 दिसंबर 2010 को अपने चार पहिया वाहन सीजी 17 डी 1594 बोलेरो के साथ कुकानार से रायपुर जा रहे थे। रात लगभग 2 बजे ग्राम चुरेगांव मोड़ के पास एनएच 43 पर वाहन पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान गाड़ी में लखमूराम के अलावा पांच लोग मौजूद थे। इसमें इलाज के दौरान एक की मौत हो गई और बाकी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित फरसगांव थाना से पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन की जप्त कर थाने ले गई। वहीं 26 जनवरी 2011 को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान एक छात्र की एक्सीडेंट में मौत हो गई।

अब इंद्रावती का पानी धमतरी के सोंढूर में जायेगा

जगदलपुर (आरएनएस)। प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर से होकर बहने वाली बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी के पानी को सोंढूर जलाशय से जोड़ने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार नगरी की कांग्रेस विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव की मांग पर इंद्रावती नदी के पानी को धमतरी जिला स्थित सोंढूर जलाशय तक ले जाने की तैयारी कर ली है।

इस सिलसिले में राज्य शासन के निर्देश पर जल संसाधन विभाग प्रारंभिक सर्वे शुरू कर चुका है और इंद्रावती-सोंढूर जलाशय लिंक परियोजना को लेकर गूगल मैप से सर्वे कर शुरूआती रिपोर्ट भी राज्य शासन को भेजी जा चुकी है। रिपोर्ट के अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई विभाग कर सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के जल संसाधन विभाग के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रोजेक्ट को लेकर बस्तर से जो रिपोर्ट आई है उसमें कई तरह की अड़चने होने की जानकारी भी दी गई है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार बस्तर में इंद्रावती नदी पर चित्रकोट जलप्रपात से करीब सात किलोमीटर पूर्व बस्तर विकासखंड के ग्राम नारायणपाल में बैराज बनाने का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित क्षेत्र समुद्र सतह से 539 मीटर ऊंचा बताया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

रायपुर (आरएनएस)। नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 14 सितम्बर को किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार प्रकरण, चेकों के अनादरण संबंधी प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भू-अर्जन संबंधी प्रकरण, बिजली एवं पानी के भुगतान संबंधी प्रकरण एवं अन्य लंबित एवं विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाना है। 14 सितम्बर, 2019 को आयोजित ''नेशनल लोक अदालत'' की तैयारियों के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा पक्षकारों के मध्य सुलह द्वारा विवादों के समाधान के लिए माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीशगण की खण्डपीठ एवं परिवार न्यायालय की खण्डपीठ, स्थायी लोक अदालत की खण्डपीठ, श्रम न्यायालय की खण्डपीठ गठित की गई है।

इस ''नेशनल लोक अदालत'' में व्यवहार न्यायालय, दांडिक न्यायालय, परिवार न्यायालय, सभी विशेष न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लंबित प्रकरण तथा प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण रखे जाने हैं। जिन पक्षकारों के लंबित मामलें आयोजित नेशनल लोक अदालत में नहीं रखे जा सकें हैं यदि वे अपने मामलों को सुलह समझौता के आधार पर

निराकृत कराना चाहते हैं तो वे स्वतः उपस्थित होकर अपने मामलों को आयोजित नेशनल लोक अदालत में आवेदन प्रस्तुत कर अपने प्रकरण को निराकृत करवा सकते हैं।

लोक अदालत लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने का एक सशक्त माध्यम तथा विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के लिये एक वैकल्पिक मंच है।

ट्रोलर्स और हेटर्स की बातों पर ध्यान नहीं देती हूं : सोनाक्षी

पिछले कुछ सालों में कई फ्लॉप फिल्मों के बाद आखिरकार सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म को एक बड़ी सफलता मिली है। स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज हुई मल्टी-स्टारर फिल्म मिशन मंगल देश भर में 193.14 करोड़ के साथ एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई।

सोनाक्षी सिन्हा ने बताया, मुझे काफी अच्छा लग रहा है। बड़े दिनों बाद मुझे फिर से सफलता मिली है। यह एक बहुत ही स्पेशल फिल्म है और इसकी टीम के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। यह एक बहुत ही पॉजिटिव फीलिंग है। उन वैज्ञानिकों को सलाम जिन्होंने कई सारी मुश्किलों और संघर्षों में से गुजरकर वास्तव में इसे कर दिखाया है।

सोनाक्षी ने आगे कहा, मेरे ख्याल से, अगर आप देशभक्ति पर कोई फिल्म बना रहे हैं और इसकी कहानी अच्छी है, तो यह हमेशा सही साबित होती है। अक्षय कुमार, विद्या बालन, सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू, कीर्ति कुल्हारी और नित्या मेनन स्टारर मिशन मंगल साल 2019 की अब तक की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक हो सकती है, लेकिन पिछले कुछ सालों में सोनाक्षी ने लगातार कई फिल्में की हैं जैसे कि तेवर, अकीरा, नूर और हैप्पी फिर भाग जाएगी और ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई जिसके चलते सोशल मीडिया पर सोनाक्षी ट्रोलर्स के निशाने पर बड़ी ही आसानी से आ गई।

संकट में होती हूं तो सलमान को पता चल जाता है: कैटरीना

बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ का कहना है कि वह जब कभी संकट में होती हैं तो सलमान खान को इसका पता चल जाता है। कैटरीना कैफ और सलमान खान की केमिस्ट्री को जितना ऑन स्क्रीन देखकर फैंस खुश होते हैं, उतना ही उनकी जोड़ी को ऑफ स्क्रीन भी पसंद की जाती है! अक्सर सोशल मीडिया यूजर्स और उनके फैंस के बीच इनके रिलेशनशीप को लेकर बातें की जाती हैं लेकिन इन दोनों ने ऐसी खबरों को हमेशा अफवाह करार दिया है। कैटरीना कैफ ने बताया कि उनका और सलमान खान का रिश्ता क्या है। कैटरीना ने बताया कि सलमान खान के साथ उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री जैसी है वैसी रियल लाइफ में नहीं हैं। कैटरीना ने सलमान खान की तारीफ करते हुए कहा कि सलमान ने मेरी हर तरह से मदद की है। एक दोस्त होने के नाते उन्होंने वास्तव में मेरी पीठ थपथपाई है। मेरे जीवन में कुछ ऐसे भी पहलू आए जब जिंदगी बहुत ही कठिन दौर से गुजरने लगी थी। ऐसे में ना ही मेरे पास संपर्क था और न ही कुछ नजर आ रहा था। बस जिंदगी चले जा रही थी लेकिन अचानक से सब कुछ खत्म हो गया और हम फिर वहां आ गए जहां हमें होना चाहिए।

झुर्रियों से पाना है छुटकारा तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

चेहरे पर आई झुर्रियां खूबसूरती को कम कर देती हैं। अगर समय रहते इन पर ध्यान नहीं दिया गया तो बूढ़े होने से पहले ही स्किन बूढ़ी लगने लगेगी। झुर्रियों को कम करने के लिए महंगी क्रीम की जगह कुछ असरदार घरेलू नुस्खे अपनाए जा सकते हैं जो स्किन को किसी तरह का नुकसान भी नहीं पहुंचाएंगे।

एलोवेरा- साल 2008 में आई स्टडी के मुताबिक रोज एलोवेरा लेने पर 90 दिनों में झुर्रियां काफी ज्यादा तक कम हो जाती हैं। वहीं अगर जेल को लगाया जाए तो इससे आंखों के नीचे की स्किन को डीप हाइड्रेशन मिलता है और कोलेजन बढ़ाता है जो झुर्रियां तेजी से कम कर देता है।

बनाना फेस पैक- केले में नैचरल ऑइल और विटमिन्स होते हैं जो सेल रिपेयर में मदद करते हुए झुर्रियां कम करते हैं। केले का फेस पैक बनाने के लिए एक केले को मैश करें और इसमें एक चम्मच शहद व गुलाब जल मिलाएं। इसे 10-15 मिनट फेस पर लगे रहने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

एग वाइट- एग वाइट का इस्तेमाल भी स्किन को रिंकल फ्री बना सकता है। आप चाहे तो एग वाइट बेस्ड आइ क्रीम ले सकती हैं। इसे रोज रात में लगाकर सोएं और एक महीने में ही आपको फर्क नजर आने लगेगा।

ऑलिव ऑइल- एक स्टडी के मुताबिक वे लोग जो रोजाना ऑलिव ऑइल खाते हैं उनके चेहरे पर

ड्राईनेस के कारण होने वाली झुर्रियों की समस्या नहीं होती है। वहीं अगर इसे रोज आंखों के नीचे लगाया जाए तो रिंकल्स के साथ ही डार्क सर्कल्स भी कम हो जाते हैं।

दही- दही में मौजूद गुण स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं इससे रिंकल्स कम होते हैं और त्वचा से जुड़ी अन्य समस्याएं नहीं आती हैं। हालांकि, ध्यान रहे कि दही लगाने के 10 मिनट बाद इसे धो लें। इसे ज्यादा ड्राई न होने दें नहीं तो दही साफ करने के लिए ज्यादा प्रेशर बनाना पड़ेगा जो झुर्रियां बढ़ा देगा।